गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज श्रीनगर में केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार, जम्मू और कश्मीर में चिरस्थायी शांति स्थापित करने और आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने के प्रति कटिबद्ध है

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने आतंकी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय कमी के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की

## मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू और कश्मीर में देश के शत्रुओं द्वारा पोषित आतंकवाद का पूरा इकोसिस्टम ध्वस्त हो गया है

## गृह मंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए समन्वित अप्रोच के साथ प्रयास जारी रखने का निर्देश दिया

## एरिया डोमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के क्रियान्वयन पर मिशन मोड में काम करना चाहिए

## सभी एजेंसियां समन्वित तरीके से काम करना जारी रखें, जिससे केन्द्र शासित प्रदेश में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद प्राप्त उपलब्धियों को बरकरार रखा जा सके

प्रविष्टि तिथि: 08 APR 2025 7:43PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज श्रीनगर में केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, सेनाध्यक्ष, कोर कमांडर (उत्तरी कमांड), जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार, जम्मू और कश्मीर में चिरस्थायी शांति स्थापित करने और आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने के प्रति कटिबद्ध है। बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आतंकी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय कमी के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराया। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू और कश्मीर में देश के शत्रुओं द्वारा पोषित आतंकवाद का पूरा इकोसिस्टम ध्वस्त हो गया है।

श्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए समन्वित अप्रोच के साथ प्रयास जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एरिया डोमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के क्रियान्वयन पर मिशन मोड में काम करना चाहिए। श्री शाह ने सभी एजेंसियों द्वारा समन्वित तरीके से काम करने पर ज़ोर दिया जिससे केन्द्र शासित प्रदेश में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद हासिल की गई उपलब्धियों को बरकरार रखा जा सके और 'आतंकवाद मुक्त जम्मू और कश्मीर' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ज़रूरी सभी संसाधन उपलब्ध करा रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस वर्ष 3 जुलाई से 9 अगस्त तक होने वाली श्री अमरनाथजी यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को पवित्र यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

*****

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2120185) आगंतुक पटल : 484

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Bengali , Odia , English , Urdu , Marathi , Assamese , Punjabi , Gujarati , Tamil